
# चम्पारण ज्ञानाग्रह


प्रार्थना-सभा सामग्री, दिनांक– 02 अप्रैल 2026, अंक –249.

प्रस्तुतिः- GOVT. PS बोदसर, बगहा-2, प. चम्पारण (10010803702)

सौजन्य :- "TEACHERS OF BIHAR - THE CHANGE MAKERS."




"साहस के बिना कोई नई शुरुआत संभव नहीं।"
— हेलेन केलर



विद्यार्थियों की बौद्धिक और नैतिक उन्नति की ओर....

**संपादकः- शैलेन्द्र कुमार**



अनुभाग-1

# "प्रार्थना-सभा सामग्री"

## Thursday Prayer

मुझे इस दुनिया में लाया, मुझे बोलना चलना सिखाया
ओ मात पिता तुम्हे वंदन, मैंने किस्मत से तुझे पाया।

मैं जब से जग में आया, बन तब से शीतल छाया,
कभी सहलाया गोदी में, कभी कांधे पर है बिठाया।
मेरे सिर पर हाथ रख कर, बस प्यार ही प्यार लुटाया।
ओ मात पिता तुम्हे वंदन....

मैं उठाकर सर चल पाऊ, इस लायक तुमने किया है।
कहीं हाथ नहीं फैलाऊ, मुझे इतना तुमने दिया है।
मुझे जग की रीत सिखाई, मुझे धर्म का पाठ पढ़ाया।
ओ मात पिता तुम्हे वंदन....

मां-बाप की आंखों से मैं, आंसू बनकर ना गीरूगा।
मां बाप का दिल जो दुखा दे, मैं ऐसा कुछ ना करूंगा।
मां बाप के रूप में मैंने, भगवान को जैसे पाया।
ओ मात पिता तुम्हे वंदन ....

जब देव भी मात पिता के, उपकार चुका ना पाए।
नागोड़ा दरबार प्रदीप, किन शब्दों में गुण गाए।
मैं फर्ज निभा पाऊं तो, समझूंगा अश चुकाया।
ओ मात पिता तुम्हे वंदन ..

मुझे इस दुनिया में लाया मुझे बोलना चलना सिखाया।
ओ मात पिता तुम्हे वंदन, मैंने किस्मत से तुम्हें पाया।

## बिहार राज्य गीत

मेरे भारत के कंठहार ,
तुझको शत-शत वंदन बिहार..!

तू वाल्मीकि की रामायण
तू वैशाली का लोकतंत्र,
तू बोधिसत्व की करूणा है
तू महावीर का शांतिमंत्र
तू नालंदा का ज्ञानदीप
तू हीं अक्षत चंदन बिहार

तू है अशोक की धर्मध्वजा
तू गुरूगोविंद की वाणी है
तू आर्यभट्ट तू शेरशाह
तू कुंवर सिंह बलिदानी है
तू बापू की है कर्मभूमि
धरती का नंदन वन बिहार।

तेरी गौरव गाथा अपूर्व
तू विश्व शांति का अग्रदूत
लौटेगा खोया स्वाभिमान
अब जाग चुके तेरे सपूत
अब तू माथे का विजय तिलक
तू आँखों का अंजन बिहार
तुझको शत-शत वंदन बिहार
मेरे भारत के कंठहार ॥


## राष्ट्रीय गीत (190 सेकंड)

वन्दे मातरम्।
सुजलां सुफलां मलयजशीतलाम्,
शस्यश्यामलां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
शुभ्रज्योत्स्ना पुलकित यामिनीम्,
फुल्लकुसुमित द्रुमदलशोभिनीम्,
सुहासिनीं सुमधुर भाषिणीम्,
सुखदां वरदां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
कोटि-कोटि कण्ठ कलकल निनाद कराले,
कोटि-कोटि भुजैर्धृत खरकरवाले,
अबला केनो मा एतो बले?
बहुबलधारिणीं नमामि तारिणीं,
रिपुदलवारिणीं मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
त्वं हि विद्या, त्वं हि धर्म,
त्वं हि हृदि, त्वं हि मर्म,
त्वं हि प्राणाः शरीरे।
बाहुते त्वं मा शक्ति,
हृदये त्वं मा भक्ति,
तोमारइ प्रतिमा गढ़ि
मन्दिरे-मन्दिरे।
वन्दे मातरम्॥
त्वं हि दुर्गा दशप्रहरणधारिणी,
कमला कमलदलविहारिणी,
वाणी विद्यादायिनी नमामि त्वाम्।
नमामि कमलाम् अमलाम् अतुलाम्,
सुजलां सुफलां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
श्यामलां सरलां सुस्मितां भूषिताम्,
धरणीं भरणीं मातरम्।
वन्दे मातरम्॥

## राष्ट्रगान

जन-गण-मन अधिनायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
पंजाब-सिंधु-गुजरात-मराठा
द्रविड़-उत्कल-बंग।
विंध्य-हिमाचल-यमुना-गंगा
उच्छल-जलधि-तरंग।
तव शुभ नामे जागे,
तव शुभ आशिष मांगे,
गाहे तव जय-गाथा।
जन-गण-मंगलदायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
जय हे, जय हे, जय हे,
जय जय जय जय हे।।

संकलन:-
शैलेन्द्र कुमार
प्रधान शिक्षक
Govt. PS बोदसर,
बगहा-2, प. चंपारण।



# संविधान की प्रस्तावना

हम, भारत के लोग,
भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को: सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए, तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर, 1949 ई० (मिति मार्ग शीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत् दो हजार छह विक्रमी) को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।

# मौलिक अधिकार

1. "समता का अधिकार (Right to Equality.)" - अनुच्छेद 14–18
2. "स्वतंत्रता का अधिकार - (Right to Freedom.)" - अनुच्छेद 19–22
3. "शोषण के विरुद्ध अधिकार (Right against Exploitation.)" - अनुच्छेद 23–24
4. "धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार (Right to Freedom of Religion.)" - अनुच्छेद 25–28
5. "संस्कृति एवं शिक्षा संबंधी अधिकार (Cultural and Educational Right.)" - अनुच्छेद 29–30
6. "संवैधानिक उपचारों का अधिकार (Right to Constitutional Remedies.)" - अनुच्छेद 32


# मौलिक कर्तव्य

अनुच्छेद 51(क) – मौलिक कर्तव्य:
भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह –
(1.) संविधान का पालन करे और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का आदर करे;
(2.) स्वतन्त्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आन्दोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखे और उनका पालन करे;
(3.) भारत की प्रभुता, एकता और अखण्डता की रक्षा करे और उसे अक्षुण्ण रखे;
(4.) देश की रक्षा करे और आह्वान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करे;
(5.) भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करे जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग पर आधारित सभी भेदभाव से परे हो; ऐसी प्रथाओं का त्याग करे जो स्त्रियों के सम्मान के विरुद्ध हैं;
(6.) हमारी सामासिक संस्कृति की गौरवशाली परम्परा का महत्त्व समझे और उसका परिरक्षण करे;
(7.) प्राकृतिक पर्यावरण, जिसके अंतर्गत वन, झील, नदी और वन्य जीव हैं, की रक्षा करे और उसका संवर्धन करे तथा प्राणिमात्र के प्रति दयाभाव रखे;
(8.) वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करे;
(9.) सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा करे और हिंसा से दूर रहे;
(10.) व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का सतत प्रयास करे जिससे राष्ट्र निरन्तर बढ़ते हुए प्रयत्नों द्वारा उन्नति की नई ऊँचाइयों को छू ले;
(11.) यदि वह माता-पिता या संरक्षक है, तो छह वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु वाले अपने, यथास्थिति, बच्चे या प्रतिपाल्य को शिक्षा के अवसर प्रदान करे।

# वर्ग:- प्राथमिक (1 - 5) के लिए

# सामान्य-ज्ञान

प्रश्न 1: ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कहाँ है?
उत्तर: कैनबरा
प्रश्न 2: विश्व का सबसे बड़ा महाद्वीप कौन सा है?
उत्तर: एशिया
प्रश्न 3: 'ओणम' त्योहार मुख्य रूप से किस राज्य में मनाया जाता है?
उत्तर: केरल
प्रश्न 4: १ किलोग्राम में कितने ग्राम होते हैं?
उत्तर: १००० ग्राम
प्रश्न 5: बिहार का राजकीय वृक्ष कौन सा है?
उत्तर: पीपल
प्रश्न 6: भारत का राष्ट्रीय गान 'जन गण मन' किसने लिखा है?
उत्तर: रवींद्रनाथ टैगोर
प्रश्न 7: टेलीफोन का आविष्कार किसने किया था?
उत्तर: अलेक्जेंडर ग्राहम बेल
प्रश्न 8: राज्यसभा के सदस्यों का कार्यकाल कितने वर्षों का होता है?
उत्तर: ६ वर्ष
प्रश्न 9: 'अमृत' का विलोम शब्द बताइए।
उत्तर: विष
प्रश्न 10: 'नीलकंठ' शब्द में कौन सी संधि है?
उत्तर: गुण संधि (नील + कंठ)

संकलन:-

पिन्टू कुमार
विद्यालय अध्यापक
UHS रामपुर, बगहा-2

# शब्द - संगम

1. Me – (मी) – मुझे / मुझको
2. Us – (अस) – हमें / हमको
3. You – (यू) – तुम्हें / आपको
4. Him – (हिम) – उसे / उसको (लड़का)
5. Her – (हर) – उसे / उसको (लड़की)
6. It – (इट) – उसे / उसको (वस्तु / जानवर)
7. Them – (देम) – उन्हें / उनको


संकलन:-
सौरभ कुमार
विद्यालय अध्यापक
Govt. UMS गोइती
बगहा-2, प. चम्पारण

# English गप-शप

थीम: "तुम ... हो" (You are ...)

तुम खुश हो। – You are happy.
तुम ठीक हो। – You are fine.
तुम तैयार हो। – You are ready.
तुम व्यस्त हो। – You are busy.
तुम सुरक्षित हो। – You are safe.


संकलन:-
सुनील कुमार राम
प्रधान शिक्षक
Govt. PS चिउटाहां
बगहा-2, प. चम्पारण

# "सामान्य-ज्ञान"(वर्ग:6-12)

1. आज 02 अप्रैल को 'ऑटिज्म' (Autism) के प्रति वैश्विक समझ बढ़ाने हेतु कौन सा दिवस मनाया जाता है? (दिवस ज्ञान)
उत्तर: विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस
व्याख्या: यह दिवस ऑटिज्म से ग्रसित व्यक्तियों के जीवन में सुधार करने और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए मनाया जाता है। ऑटिज्म एक मस्तिष्क के विकास के दौरान होने वाला विकार है, जो सामाजिक संपर्क और संचार को प्रभावित करता है। समावेशी समाज के निर्माण के लिए यह जागरूकता अनिवार्य है।
संदर्भ: संयुक्त राष्ट्र (UN) कैलेंडर 2026।

2. हाल ही में 'बिहार सरकार' ने किस जिले में 'राज्य का पहला टेक्सटाइल पार्क' (Textile Park) स्थापित करने हेतु भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेज कर दी है? (समसामयिकी)
उत्तर: पश्चिम चम्पारण (बेतिया)
व्याख्या: बेतिया के 'कुमारबाग' क्षेत्र में टेक्सटाइल पार्क की स्थापना से बिहार में कपड़ा उद्योग को नई ऊंचाई मिलेगी। इससे स्थानीय बुनकरों और कुशल श्रमिकों को अपने ही जिले में रोजगार मिलेगा। यह 'इन्वेस्ट बिहार' पहल के तहत राज्य के औद्योगिक विकास की एक प्रमुख कड़ी है।
संदर्भ: उद्योग विभाग, बिहार सरकार (अप्रैल 2026)।

3. "नीतिशतकम्" के रचयिता कौन हैं, जिनके श्लोक नैतिक जीवन का आधार माने जाते हैं? (पुस्तक - लेखक)
उत्तर: भरतृहरि
व्याख्या: राजा भरतृहरि द्वारा रचित 'नीतिशतकम्' में मनुष्य के व्यवहार, विवेक और परोपकार पर 100 उत्कृष्ट श्लोक दिए गए हैं। यह ग्रंथ प्राचीन भारतीय मूल्यों और जीवन जीने की कला का अनूठा संग्रह है, जो आज के समय में भी उतना ही प्रासंगिक है।
संदर्भ: NCERT कक्षा 6 इतिहास, अध्याय 1, पृष्ठ 5।

4. पृथ्वी के वायुमंडल की वह कौन सी परत है जहाँ से 'रेडियो तरंगें' परावर्तित होकर पुनः पृथ्वी पर लौटती हैं? (पर्यावरण)
उत्तर: आयनमंडल (Ionosphere)
व्याख्या: बाह्य वायुमंडल का निचला हिस्सा 'आयनमंडल' कहलाता है। यहाँ गैसों के कण विद्युत आवेशित (Ionized) होते हैं। यही परत बेतार संचार और रेडियो प्रसारण को संभव बनाती है क्योंकि यह तरंगों को वापस पृथ्वी पर भेज देती है।
संदर्भ: NCERT कक्षा 7 भूगोल, अध्याय 4 (वायु), पृष्ठ 23।

5. प्राचीन काल में आम लोग अपनी सामान्य बोलचाल और अभिलेखों के लिए किस भाषा का प्रयोग करते थे? (इतिहास)
उत्तर: प्राकृत
व्याख्या: जबकि विद्वानों की भाषा अक्सर संस्कृत थी, आम जनता 'प्राकृत' भाषा का प्रयोग करती थी। भगवान बुद्ध और महावीर के उपदेश भी इसी भाषा में थे ताकि वे जन-जन तक पहुँच सकें। मौर्य सम्राट अशोक के अधिकांश शिलालेख भी प्राकृत भाषा और ब्राह्मी लिपि में लिखे गए हैं।
संदर्भ: NCERT कक्षा 6 इतिहास, अध्याय 1 (क्या, कहाँ, कैसे और कब?), पृष्ठ 5।

# "सामान्य-ज्ञान"

6. भारत का वह कौन सा पड़ोसी देश है जिसके साथ भारत की 'सबसे लंबी' स्थलीय सीमा (4096.7 किमी) साझा होती है? (भूगोल)
उत्तर: बांग्लादेश
व्याख्या: भारत की सबसे लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा बांग्लादेश के साथ है, जो पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम राज्यों को स्पर्श करती है। भौगोलिक रूप से यह सीमा विविधतापूर्ण है और सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है।
संदर्भ: NCERT कक्षा 9 भूगोल, अध्याय 1 (भारत - आकार और स्थिति), पृष्ठ 5।

7. भारतीय संविधान में 'अस्पृश्यता का अंत' (Abolition of Untouchability) किस अनुच्छेद के तहत किया गया है? (संविधान)
उत्तर: अनुच्छेद 17
व्याख्या: अनुच्छेद 17 अस्पृश्यता (छुआछूत) को पूर्णतः समाप्त करता है और इसका किसी भी रूप में अभ्यास करना एक दंडनीय अपराध घोषित करता है। यह मौलिक अधिकार सामाजिक समानता और मानवीय गरिमा को अक्षुण्ण रखने के लिए संविधान की एक क्रांतिकारी विशेषता है।
संदर्भ: NCERT कक्षा 11 राजनीति विज्ञान, अध्याय 2, पृष्ठ 32।

8. लोहे की वस्तुओं को संक्षारण (जंग) से बचाने के लिए उस पर 'जस्ते' (Zinc) की परत चढ़ाने की प्रक्रिया क्या कहलाती है? (विज्ञान)
उत्तर: यशदलेपन (Galvanisation)
व्याख्या: लोहे को नमी और हवा के संपर्क से बचाने के लिए उस पर जस्ते की एक पतली परत चढ़ाई जाती है। यह एक सुरक्षात्मक अवरोध का कार्य करता है, जिससे लोहे की आयु बढ़ जाती है। यह धातुओं के रासायनिक गुणों के अनुप्रयोग का एक प्रमुख उदाहरण है।
संदर्भ: NCERT कक्षा 10 विज्ञान, अध्याय 1 (रासायनिक अभिक्रियाएँ एवं समीकरण), पृष्ठ 13।

9. विश्व प्रसिद्ध 'नृत्य करती हुई लड़की' (Dancing Girl) की कांस्य प्रतिमा सिंधु घाटी सभ्यता के किस स्थल से प्राप्त हुई है? (कला एवं संस्कृति)
उत्तर: मोहनजोदड़ो
व्याख्या: 'लॉस्ट वैक्स' तकनीक से बनी यह मूर्ति लगभग 4500 वर्ष पुरानी है। इसकी शारीरिक मुद्रा और आभूषण उस समय की उन्नत धातुकर्म कला और सौंदर्यबोध को दर्शाते हैं। वर्तमान में यह राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली में सुरक्षित है।
संदर्भ: NCERT कक्षा 12 (Fine Arts) भारतीय कला का परिचय, अध्याय 2, पृष्ठ 12।

10. बिहार के किस ऐतिहासिक स्थल पर विश्व का सबसे ऊँचा 'विराट रामायण मंदिर' बनाया जा रहा है? (बिहार GK)
उत्तर: कैथवलिया (पूर्वी चम्पारण)
व्याख्या: पूर्वी चम्पारण जिले के केसरिया के निकट कैथवलिया में इस विशाल मंदिर का निर्माण हो रहा है। इसकी वास्तुकला कंबोडिया के अंकोरवाट मंदिर से प्रेरित है। यह स्थल भविष्य में बिहार के पर्यटन और सांस्कृतिक गौरव का एक वैश्विक केंद्र बनेगा।
संदर्भ: बिहार पर्यटन विभाग; बिहार आर्थिक सर्वेक्षण।

# "सामान्य-ज्ञान"

11. सुरक्षित शनिवार (अप्रैल W1): विद्यालय में 'हजार्ड हंट' के बाद जोखिमों को कम करने के लिए तैयार किए जाने वाले दस्तावेज को क्या कहते हैं? (विद्यालय सुरक्षा)
उत्तर: विद्यालय आपदा प्रबंधन योजना (SDMP)
व्याख्या: विद्यालय के असुरक्षित बिंदुओं (जैसे खुले बिजली के बोर्ड या जर्जर सीढ़ियां) की पहचान के बाद उनके समाधान की समयबद्ध योजना बनाई जाती है। इसमें विद्यालय सुरक्षा समिति के सदस्यों और बाल प्रेरकों की भूमिका अहम होती है। यह योजना प्रत्येक विद्यालय के लिए 'सुरक्षित कार्ययोजना' का आधार होती है।
संदर्भ: मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम एवं सुरक्षित शनिवार वार्षिक सारणी।

12. 5, 10, 20, 40, ? — दी गई श्रेणी में रिक्त स्थान पर कौन सी संख्या आएगी? (मानसिक योग्यता)
उत्तर: 80
व्याख्या: इस श्रेणी में प्रत्येक अगली संख्या पिछली संख्या का दोगुना (\times 2) है:


GK संकलन:-
शैलेन्द्र कुमार
प्रधान शिक्षक
Govt. PS बोदसर
बगहा-2, प. चम्पारण ।




अनुभाग-4

# -: शब्द - संगम :-

Keen (कीन) = Sharp / Eager (शार्प / ईगर) = तीव्र / उत्सुक
🔁 Antonym – Dull (डल) = सुस्त / फीका
Linger (लिंगर) = Stay (स्टे) = ठहरना / देर करना
🔁 Antonym – Depart (डिपार्ट) = प्रस्थान करना
Mend (मेंड) = Repair (रिपेयर) = सुधारना / ठीक करना
🔁 Antonym – Damage (डैमेज) = नुकसान पहुँचाना
Nurture (नर्चर) = Care (केयर) = पालन-पोषण करना
🔁 Antonym – Ignore (इग्नोर) = अनदेखा करना
Obey (ओबे) = Follow (फॉलो) = पालन करना
🔁 Antonym – Disobey (डिसओबे) = अवज्ञा करना




~: संकलन :~
राकेश कुमार राव
प्रधानाध्यापक
PMश्री +2 NGY उच्च विद्यालय
वाल्मीकिनगर, बगहा-2 , प. चम्पारण ।

# "आज का अख़बार"

## NATIONAL NEWS

**PM Modi highlights India's growing role as reliable semiconductor supplier in global market; says country strengthening position amid global supply chain shifts.**
**पीएम मोदी ने वैश्विक बाजार में भारत की विश्वसनीय सेमीकंडक्टर आपूर्तिकर्ता भूमिका पर जोर दिया; वैश्विक सप्लाई चेन बदलाव के बीच देश मजबूत स्थिति में।**

**President Droupadi Murmu addresses 2nd convocation of Nalanda University; emphasizes ancient Indian knowledge and modern education integration.**
**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नालंदा विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित किया; प्राचीन भारतीय ज्ञान और आधुनिक शिक्षा के एकीकरण पर जोर।**

**Government pauses Foreign Contribution (Regulation) Amendment Bill 2026 in Lok Sabha after massive opposition protests; Minister Kiren Rijiju calls opposition claims 'false and fabricated'.**
**विपक्ष के बड़े विरोध प्रदर्शनों के बाद सरकार ने लोकसभा में विदेशी योगदान (विनियमन) संशोधन बिल 2026 को स्थगित किया; मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष के दावों को 'झूठा और गढ़ा हुआ' बताया।**

## INTERNATIONAL NEWS

**Iran war day 33: Trump says US could end military operations in 2-3 weeks even without deal; claims 'war has been won' but warns of stronger action if demands ignored.**
**ईरान युद्ध 33वें दिन: ट्रंप ने कहा अमेरिका 2-3 सप्ताह में बिना समझौते के भी सैन्य अभियान समाप्त कर सकता है; 'युद्ध जीत लिया' का दावा लेकिन मांगों की अनदेखी पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी।**

**Iran launches missile barrage on Israel wounding over 14 in central areas including Tel Aviv; Houthi rebels join with attacks on southern Israel, expanding multi-front conflict.**
**ईरान ने इज़राइल पर मिसाइल दागी, तेल अवीव सहित केंद्रीय क्षेत्रों में 14+ घायल; हूती विद्रोहियों ने दक्षिणी इज़राइल पर हमला कर बहु-मोर्चा संघर्ष को बढ़ाया।**

**Israel strikes Iranian infrastructure in Isfahan and Tehran; global oil prices volatile as Hormuz tensions continue despite US postponing some planned attacks.**
**इज़राइल ने इस्फहान और तेहरान में ईरानी इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमले किए; होर्मुज तनाव जारी रहने से वैश्विक तेल कीमतें अस्थिर, अमेरिका ने कुछ हमले टाले।**

## BIHAR NEWS

**Nine dead in stampede at Sheetla Temple in Nalanda during heavy rush; CM orders high-level probe and announces ₹6 lakh ex-gratia for victims' families.**
**नालंदा के शीतला मंदिर में भारी भीड़ के दौरान भगदड़ में 9 लोगों की मौत; सीएम ने उच्च स्तरीय जांच का आदेश दिया और पीड़ित परिवारों को ₹6 लाख अनुग्रह राशि घोषित की।**

**Opposition questions timing of Bihar budget and Nitish Kumar's Samriddhi Yatra; alleges political strategy ahead of leadership transition.**
**विपक्ष ने बिहार बजट और नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा के समय पर सवाल उठाए; नेतृत्व परिवर्तन से पहले राजनीतिक रणनीति का आरोप।**

## SPORTS NEWS

**IPL 2026: Lucknow Super Giants defeat Delhi Capitals by 50 runs in Match 5 at Ekana Stadium; strong bowling performance helps LSG secure comfortable win.**
**आईपीएल 2026: लखनऊ सुपर जायंट्स ने एकाना स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स को 50 रनों से हराया; मजबूत गेंदबाजी से LSG को आसान जीत।**

**Rajasthan Royals win thriller against Mumbai Indians by 6 wickets; IPL season gains momentum with exciting early matches and Indian captains leading multiple teams.**
**राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई इंडियंस को 6 विकेट से रोमांचक मैच में हराया; भारतीय कप्तानों वाली कई टीमों के साथ आईपीएल सीजन गति पकड़ रहा।**



**संकलन:-**
**शैलेन्द्र कुमार**
**प्रधान शिक्षक**
**रा.प्रा.वि. बोदसर,**
**बगहा-2, प. चम्पारण।**

**✍️ संदेश:**

**"करेंट अफेयर्स का नियमित अध्ययन ही प्रतियोगी सफलता की सबसे मजबूत नींव है।"**

प्रेरक प्रसंग

# "अलग है, लेकिन कम नहीं"

2 अप्रैल की सुबह थी। विद्यालय की प्रार्थना सभा में आज विशेष चर्चा का विषय था—ऑटिज़्म जागरूकता। सभी छात्र ध्यानपूर्वक खड़े थे।

सभा के बाद प्रधानाध्यापक महोदय मंच पर आए और बोले—

“बच्चों, क्या तुम जानते हो कि हर बच्चा एक जैसा नहीं होता, फिर भी हर बच्चा खास होता है?”

बच्चे ध्यान से सुनने लगे।

उन्होंने आगे कहा—

“कुछ बच्चे अलग तरह से सीखते हैं, अलग तरह से सोचते हैं और अपनी भावनाएँ भी अलग तरीके से व्यक्त करते हैं। हमें उन्हें समझना और अपनाना चाहिए।”

फिर उन्होंने एक कहानी सुनाई—

कक्षा में एक नया छात्र आया, जिसका नाम था अंश। वह ज्यादा बात नहीं करता था और अक्सर अकेले बैठना पसंद करता था। कुछ बच्चे उसे समझ नहीं पाते थे, इसलिए उससे दूरी बनाने लगे।

लेकिन कक्षा की एक छात्रा पूजा ने ध्यान दिया कि अंश चित्र बनाने में बहुत अच्छा है। उसने उससे दोस्ती करने की कोशिश की। धीरे-धीरे अंश ने अपनी दुनिया उसके साथ साझा करनी शुरू की।

एक दिन विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता हुई। अंश ने इतना सुंदर चित्र बनाया कि सभी हैरान रह गए। उसे प्रथम पुरस्कार मिला।

अब सभी बच्चों को समझ आया कि अंश अलग जरूर है, लेकिन उसमें भी एक खास प्रतिभा है।

प्रधानाध्यापक महोदय ने कहानी समाप्त करते हुए कहा—

“बच्चों, हमें हर बच्चे को उसकी विशेषता के साथ स्वीकार करना चाहिए। यही सच्ची शिक्षा और इंसानियत है।”

सभा के अंत में सभी छात्रों ने संकल्प लिया—

“हम हर बच्चे का सम्मान करेंगे और उसे समझने की कोशिश करेंगे।”

संदेश : “हर बच्चा अनोखा है—जरूरत है उसे समझने और अपनाने की।”



................✍️
मनोज कुमार
प्रधानाध्यापक
रा.म.वि.वाल्मीकिनगर
बगहा 2, प. चम्पारण।

# "शिक्षक संवर्धन"

## "डिजिटल एवं ICT आधारित शिक्षण का महत्व"

आज का युग तेजी से बदलती तकनीक का युग है, जहाँ शिक्षा भी डिजिटल माध्यमों के साथ निरंतर विकसित हो रही है। ऐसे में विद्यालयों में डिजिटल एवं ICT (Information and Communication Technology) आधारित शिक्षण का महत्व अत्यधिक बढ़ गया है। यह केवल आधुनिकता का प्रतीक नहीं है, बल्कि शिक्षण को अधिक प्रभावी, रोचक और सुलभ बनाने का एक सशक्त माध्यम है।

डिजिटल शिक्षण का अर्थ है—शिक्षण प्रक्रिया में कंप्यूटर, मोबाइल, इंटरनेट, स्मार्ट बोर्ड, प्रोजेक्टर, वीडियो, ऑडियो आदि तकनीकी साधनों का उपयोग करना। ICT के माध्यम से शिक्षक केवल किताबों तक सीमित नहीं रहते, बल्कि वे बच्चों को चित्र, वीडियो, एनीमेशन और इंटरैक्टिव सामग्री के माध्यम से विषय को बेहतर ढंग से समझा सकते हैं। उदाहरण के लिए यदि विज्ञान में "सौरमंडल" पढ़ाना है, तो केवल चित्र दिखाने के बजाय वीडियो या एनीमेशन के माध्यम से ग्रहों की गति दिखाना बच्चों के लिए अधिक रोचक और समझने योग्य होता है।

डिजिटल शिक्षण का सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह बच्चों को सक्रिय और रुचिपूर्ण अधिगम की ओर प्रेरित करता है। जब बच्चे स्क्रीन पर चलती-फिरती चीज़ों को देखते हैं या किसी डिजिटल गतिविधि में भाग लेते हैं, तो उनकी जिज्ञासा बढ़ती है और वे अधिक ध्यानपूर्वक सीखते हैं। इससे उनकी समझ गहरी और स्थायी होती है।

बिहार के सरकारी विद्यालयों में भी ICT के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पहलें की जा रही हैं। जैसे—DIKSHA ऐप के माध्यम से शिक्षकों और विद्यार्थियों को डिजिटल सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। इसके साथ ही SWAYAM जैसे प्लेटफॉर्म भी ऑनलाइन शिक्षण को सशक्त बना रहे हैं। इन माध्यमों से शिक्षक नवीन शिक्षण विधियाँ सीख सकते हैं और बच्चों को बेहतर सामग्री प्रदान कर सकते हैं।

डिजिटल शिक्षण का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि यह शिक्षा को सुलभ (Accessible) बनाता है। जिन क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण सामग्री आसानी से उपलब्ध नहीं होती, वहाँ डिजिटल माध्यमों के जरिए बच्चों तक बेहतर संसाधन पहुँचाए जा सकते हैं। इससे शिक्षा में समानता को बढ़ावा मिलता है।

हालाँकि यह ध्यान रखना आवश्यक है कि डिजिटल साधन केवल सहायक उपकरण हैं, वे शिक्षक का स्थान नहीं ले सकते। शिक्षक की भूमिका मार्गदर्शक और प्रेरक के रूप में हमेशा महत्वपूर्ण रहेगी। इसलिए ICT का उपयोग संतुलित और उद्देश्यपूर्ण होना चाहिए, ताकि यह शिक्षण को बेहतर बनाए, न कि उसे जटिल करे।

अंततः कहा जा सकता है कि डिजिटल एवं ICT आधारित शिक्षण आधुनिक शिक्षा की आवश्यकता बन चुका है। यह न केवल सीखने को रोचक और प्रभावी बनाता है, बल्कि बच्चों को भविष्य की तकनीकी दुनिया के लिए भी तैयार करता है। यदि हम शिक्षक इन साधनों का सही उपयोग करें, तो शिक्षा अधिक समावेशी, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण बन सकती है।

.................✍

मनोज कुमार झा
प्रधानाध्यापक
राज़कीयकृत म.वि. सर्वोदय
बेतिया, प. चम्पारण।



# कैरियर मार्गदर्शन श्रृंखला: पत्र संख्या - 23

## (इंटरमीडिएट के बाद – Paramedical : Radiology & Imaging Technology)

## 'संपादकीय'

प्रिय विद्यार्थियों,,

यदि आपकी रुचि मेडिकल टेक्नोलॉजी, मशीनों के माध्यम से रोग पहचान (Diagnosis) और हेल्थकेयर में है, तो Radiology & Imaging Technology एक उभरता हुआ और उच्च मांग वाला करियर विकल्प है। इस कोर्स में X-Ray, CT Scan, MRI, Ultrasound, Imaging Techniques, Radiation Safety आदि का सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाता है। आधुनिक चिकित्सा प्रणाली में सही निदान (Diagnosis) के लिए रेडियोलॉजी विशेषज्ञों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

अर्हता: 12वीं (Physics, Chemistry, Biology) के साथ उत्तीर्ण; सामान्यतः न्यूनतम 45–50% अंक आवश्यक।

नामांकन प्रक्रिया: बिहार में पैरामेडिकल कोर्स में प्रवेश हेतु Bihar Combined Entrance Competitive Examination Board द्वारा आयोजित DCECE (PM/PMM) परीक्षा के माध्यम से नामांकन होता है। आवेदन व काउंसलिंग की जानकारी bceceboard.bihar.gov.in पर उपलब्ध रहती है।

बिहार के प्रमुख सरकारी संस्थान:

Patna Medical College and Hospital
Indira Gandhi Institute of Medical Sciences
Nalanda Medical College and Hospital

देश के प्रमुख सरकारी संस्थान:

All India Institute of Medical Sciences New Delhi – aiims.edu
Postgraduate Institute of Medical Education and Research – pgimer.edu.in
Jawaharlal Institute of Postgraduate Medical Education and Research – jipmer.edu.in

कोर्स अवधि: 2–4 वर्ष (डिप्लोमा/डिग्री के अनुसार)।

रोजगार की संभावना: सरकारी/निजी अस्पताल, डायग्नोस्टिक सेंटर, रेडियोलॉजी लैब, मेडिकल कॉलेज, हेल्थकेयर चेन। प्रारंभिक वेतन सामान्यतः ₹20,000–45,000 प्रति माह, अनुभव के साथ वृद्धि।

आगे के अवसर: B.Sc/M.Sc Radiology, MRI/CT स्पेशलाइजेशन, हॉस्पिटल मैनेजमेंट, विदेशों में टेक्नोलॉजिस्ट के रूप में अवसर।

वित्तीय सहायता: बिहार सरकार की स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना (drcc.bihar.gov.in) के अंतर्गत सहायता उपलब्ध है। छात्रवृत्ति हेतु National Scholarship Portal – scholarships.gov.in पर आवेदन किया जा सकता है।

संक्षिप्त सलाह: यदि आप मेडिकल टेक्नोलॉजी और मशीनों के साथ काम करते हुए मरीजों की सहायता करना चाहते हैं, तो यह कोर्स आपके लिए आधुनिक और स्थायी करियर विकल्प है।

अगले पत्र में – **मैट्रिक के बाद : Dairy Technology.Diploma



शैलेन्द्र कुमार
प्रधान शिक्षक
रा.प्रा.वि. बोदसर, बगहा-2

Reg. No. BR/2025/0487469

# "चम्पारण-ज्ञानाग्रह"

**आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏**

# Thank You..

**बच्चों के हितार्थ अपना बहुमूल्य समय देने के लिए...!!!**



**संपादक:-**

**शैलेन्द्र कुमार**

'प्रधान शिक्षक'

Govt. PS बोदसर,
बगहा-2, प. चम्पारण।
(10010803702)
📱-9939671700

अगर आपके मन में कोई नया विचार, कोई इवेंट, कोई एक्टिविटी या किसी बदलाव की पहल है, तो कृपया टीम में बताइए।

+917250818080
teachersofbihar@gmail.com
+917250818080
www.teachersofbihar.org